तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# त्रैमासिक समाचार पत्र

# दृष्टिकोण



## जनवरी 2026 से मार्च 2026



# मुख्य संरक्षक CHIEF PATRON



श्री विकास गुप्ता, आईएएस, आयुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली,



श्री चंद्र शेखर आज़ाद, उपायुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



डॉ. वीरेन्द्र एम. तिवारी, निर्देशक,
सीएसआईआर- नीस्ट
अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति (वीएमसी)

# संरक्षक



श्री रामकुमार पाणिग्रही ,सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



श्री नरेश कुमार, सहायक आयुक्त,
केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र



डॉ. कृष्ण कुमार मोटला ,समन्वयक
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं ।।। ,आर आर एल ,जोरहाट

# प्राचार्य का संदेश



"सपने वो नहीं
जो हम रात में देखते हैं,
सपने वो हैं जो
हमें सोने नहीं देते।"

विद्यालय के त्रैमासिक समाचार पत्र के लिए प्रस्तावना के रूप में कुछ शब्द लिखना मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। शिक्षा के क्षेत्र में आए इस बड़े बदलाव के साथ, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III आर.आर.एल. जोरहाट का उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास करना भी है। हमारे विद्यालय में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रम और गतिविधियाँ हर बच्चे को एक शैक्षिक मेधावी होने के साथ-साथ एक नैतिक और विचारशील जागृत नागरिक बनने में मदद करती हैं।

मेरा मानना है कि उत्कृष्टता एक सतत यात्रा है। यह सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने की एक अटूट प्रतिबद्धता है। इसी प्रतिबद्धता के साथ, हम नई ऊँचाइयों को छूने और ऐसे मानदंड स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं जिन पर हम सभी को गर्व हो। मैं इस महीने के कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए मेरे सभी प्रिय छात्रों और कर्मचारियों को उनके निरंतर सहयोग और रुचि के लिए बधाई देना चाहता हूँ।

**डॉ. कृष्ण कुमार मोटला**
**प्राचार्य**
केंद्रीय विद्यालय नं III आर आर एल ,जोरहाट

उठना शुरु किया है, गिरना भी,
कठिनाइयों का सामना करना, कमाना,
उत्कृष्टता प्राप्त करना, जीतना और
अपनी एक पहचान बनाना...
हाँ, मैं एक केवीयन हूँ।
( Yes, I am KViAN )





प्रिय पाठकों,

हमें यह बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यालय /संगठन का यह त्रैमासिक समाचार पत्र आपके समक्ष प्रस्तुत है। इस अंक में आप बीते तीन महीने की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल.जोरहाट - एक दृष्टि में

विद्यालय का नाम: केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट, असम - 785006
स्थापना तिथि: 01/04/2003
अधिकतम कक्षा एवं प्रत्येक कक्षा में स्वीकृत अनुभागों की संख्या: कक्षा XII (प्रत्येक कक्षा में एक अनुभाग)
प्राचार्य का नाम: डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
फोन नंबर: 0376-2372550
अनुभाग: सिविल
जिला: जोरहाट
राज्य / केंद्र शासित प्रदेश: असम - 785006
पत्राचार का पता:
केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट
सीएसआईआर- नीस्ट परिसर,
डाकघर: आर.आर.एल., पुलीबोर, जोरहाट - 785006, असम



# KENDRIYA VIDYALAYA NO.3 RRL,JORHAT

# RESULT DAY CUM PROMOTION CEREMONY








गर्व, प्रगति और नई शुरुआत का एक विशेष दिन।
परिणाम घोषणा एवं प्रोन्नति समारोह के साथ सत्र 2025–26 का सफल समापन हुआ। अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ते, निखरते और आत्मविश्वास के साथ नई राहों की ओर कदम बढ़ाते देखना वास्तव में गर्व का क्षण रहा।



**परिणाम घोषणा एवं प्रोन्नति समारोह के साथ सत्र 2025–26**








# पुस्तक उपहार

**'पुस्तक उपहार' ने ज्ञान और स्नेह के सुंदर आदान-प्रदान के साथ इस अवसर को और भी यादगार बना**












# विद्यालय में राजभाषा हिंदी : दिशा-निर्देश एवं कार्ययोजना








विद्यालय में हिंदी भाषा के प्रभावी प्रयोग तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के भाषाई कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हिंदी भाषा के शुद्ध उच्चारण, लेखन शैली, व्याकरण, रचनात्मक लेखन तथा दैनिक जीवन में हिंदी के प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया गया।

# शिक्षकों द्वारा प्रातःकालीन सभा







विद्यालय में प्रातःकालीन सभा का संचालन शिक्षकों द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक ढंग से किया गया। सभा की शुरुआत प्रार्थना एवं ध्यान के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

# Webminer to Deliberate on union Buget 2026-27

## वेबिनार : केंद्रीय बजट 2026–27 पर विचार-विमर्श



Ministry of Information & Broadcasting

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**PM to Address Post-Budget Webinar on the subject "Sabka Saath, Sabka Vikas – Fulfilling Aspirations of People: Education, Skills and University Townships"**



**Webinar to Deliberate on Union Budget 2026–27 Initiatives to Strengthen India's Education, Skills and AVGC–Creator Economy Ecosystem**



# माननीय सहायक आयुक्त, श्री आर.के. पाणिग्रही , केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुवाहाटी क्षेत्र की गरिमामयी उपस्थिति

05/02/2026

केंद्रीय विद्यालय आरआरएल जोरहट (KVS RRL Jorhat) के लिए यह सम्मान और शैक्षणिक प्रेरणा का दिन रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में केवीएस क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी के माननीय सहायक आयुक्त, श्री आर.के. पाणिग्रही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और आगामी बोर्ड परीक्षा देने वाले कक्षा 10वीं व 12वीं के छात्रों के साथ एक सार्थक संवाद भी हुआ।























# परीक्षा पे चर्चा

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा (Pariksha Pe Charcha) 2026 का सीधा प्रसारण देखा और माननीय नरेन्द्र मोदी जी से परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक सोच के बारे में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त किया।







**केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट को गर्व है कि मास्टर अर्थ कुमार मौर्य ने जेईई (मुख्य) परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।**

**विद्यालय परिवार उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देता है।**



17/ 02/2026

# दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस

दादा-दादी एवं नाना-नानी हमारे परिवार की अमूल्य धरोहर होते हैं। वे प्रेम, संस्कार और अनुभव के प्रतीक हैं। उनके स्नेह और आशीर्वाद से ही परिवार में एकता और खुशी बनी रहती है। वे अपने जीवन के अनुभवों से हमें सही मार्ग दिखाते हैं और कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखना सिखाते हैं।

ग्रैंडपेरेंट्स डे का उद्देश्य उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना है। यह दिन हमें उनके साथ समय बिताने, उनकी बातें सुनने और उनके त्याग को समझने का अवसर देता है। उनके साथ बिताए गए पल हमारे जीवन की सबसे सुंदर यादें बन जाते हैं।

हम सभी को चाहिए कि हम अपने दादा-दादी और नाना-नानी का सम्मान करें, उनकी सेवा करें और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं। उनका स्नेह और आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है।

प्रेम और परंपरा के स्तंभों को समर्पित — दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।













# अवलोकन कार्यक्रम( JIGYASA PROGRAMME)

18/ 02/2026

18 फ़रवरी 2026 को केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट की कक्षा VI के विद्यार्थियों ने CSIR-NEIST का प्रयोगशाला भ्रमण किया। इस शैक्षिक भ्रमण में कुल 40 विद्यार्थियों ने 2 शिक्षकों के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों को प्रयोगशाला के मूल वातावरण एवं वैज्ञानिक उपकरणों से परिचित कराया गया, जिससे उन्हें विज्ञान के व्यावहारिक पक्ष की प्रारंभिक जानकारी प्राप्त हुई। इस अनुभव ने उनके भीतर अनुसंधान और नवाचार के प्रति जिज्ञासा एवं रुचि को प्रोत्साहित



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM




CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM

# अवलोकन कार्यक्रम( JIGYASA PROGRAMME)

19/ 02/2026

19 फरवरी 2026 को हमारे केंद्रीय qविद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल., जोरहाट के कक्षा VII और VIII के विद्यार्थियों ने CSIR-NEIST में एक प्रयोगशाला अवलोकन कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में लगभग 85 विद्यार्थियों ने 4 शिक्षकों के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रयोगशालाओं और चल रही वैज्ञानिक परियोजनाओं से परिचित कराया गया। वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्नत प्रयोगशाला उपकरणों के कार्य-प्रणाली की जानकारी दी तथा वैज्ञानिक सिद्धांतों का प्रदर्शन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य कक्षा शिक्षण से परे व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना था।

इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने और यह समझने का अवसर मिला कि शोध कार्य किस प्रकार तकनीकी विकास और सामाजिक प्रगति में योगदान देता है। समग्र रूप से यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में भविष्य के कैरियर अवसरों को तलाशने के लिए प्रेरित किया।



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM



CSIR-NORTH EAST INSTITUTE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
JORHAT-785006, ASSAM

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

21/ 02/2026

**मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और भावनाओं की आत्मा है। आइए, अपनी मातृभाषाओं का सम्मान करें, उन्हें सीखें, संरक्षित रखें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ।**




**अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस प्रत्येक वर्ष 21 फ़रवरी को मनाया जाता है। यह दिन विश्व की भाषाई विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, इतिहास और पहचान की अभिव्यक्ति है।**

**दुनिया में हजारों भाषाएँ बोली जाती हैं, जिनमें से प्रत्येक भाषा अपने साथ अनमोल ज्ञान और विरासत लेकर चलती है। भाषाओं के संरक्षण और सम्मान से ही सांस्कृतिक विविधता सुरक्षित रह सकती है। अपनी मातृभाषा का सम्मान करना और अन्य भाषाओं को सीखना हमें सहिष्णु, समझदार और वैश्विक नागरिक बनाता है।**

**यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम अपनी भाषा पर गर्व करें, उसे शुद्ध रूप से बोले - लिखे और आने वाली पीढ़ियों तक उसकी समृद्ध परंपरा को पहुँचाएँ।**

**अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस हमें भाषाओं की शक्ति और महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है।**

21/ 02/2026

**विद्यालय के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विभाग ने विश्व चिंतन दिवस मनाकर राष्ट्र और विश्व की सेवा करने की अपनी प्रतिज्ञा को पुनः दृढ़ किया।**








28/ 02/2026

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष 28 फ़रवरी को पूरे भारत में मनाया जाता है। यह दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रमन की खोज “रमन प्रभाव” की याद में मनाया जाता है। 28 फ़रवरी 1928 को उन्होंने इस महत्वपूर्ण खोज की घोषणा की थी, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में विज्ञान के प्रति रुचि, जागरुकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में विज्ञान के प्रति रुचि, जागरुकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है। इस दिन विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विभिन्न संस्थानों में विज्ञान प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, सेमिनार और प्रयोगात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।








# शारीरिक शिक्षा की प्रायोगिक परीक्षा



विद्यालय में शारीरिक शिक्षा की प्रायोगिक परीक्षा विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता, कौशल और खेल-ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का उद्देश्य यह देखना होता है कि छात्र नियमित अभ्यास और प्रशिक्षण से कितनी प्रगति कर पाए हैं।







# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त करना किसी भी विद्यार्थी के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात होती है। यह उपलब्धि छात्र की मेहनत, लगन, प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का प्रमाण है। स्वर्ण पदक विजेता विद्यार्थी ने न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि अपने राज्य और देश का भी गौरव बढ़ाया।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता










## समाचार पत्रों में विद्यालय!



**पूर्वांचल प्रहरी डेस्क संवाददाता**

**जोरहाट:** जोरहाट के आरआरएल स्थित केंद्रीय विद्यालय आरआरएल के प्रतिभाशाली छात्र मास्टर अर्थ कुमार मौर्य ने प्रतिष्ठित जेईई (मेन) परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। केंद्रीय विद्यालय आरआरएल जोरहाट सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। विद्यालय परिवार ने मास्टर अर्थ कुमार मौर्य एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### केवि आरआरएल के छात्र को जेईई (मेन) में मिली सफलता



**जोरहाट, 17 फरवरी (पू.सं.)।** केन्द्रीय विद्यालय आरआरएल जोरहाट के छात्र अर्थ कुमार मौर्य ने प्रतिष्ठित जेईई (मेन) परीक्षा में 99.97 पर्सेंटाइल अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि छात्र की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। साथ ही, उनकी सफलता में माता-पिता का सहयोग, मार्गदर्शन एवं त्यागपूर्ण प्रयासों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों की अकादमिक प्रेरणा और मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए

# राष्ट्रीय युवा दिवस

12 जनवरी 2026

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-3, आर.आर.एल. जोरहाट में राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 की विजेता आईशी प्रिशा बोरा का अभिनंदन शामिल रहा।

इस उत्सव को PPC 2026 (परीक्षा पे चर्चा) के साथ 'स्वदेशी संकल्प दौड़' के माध्यम से बेहद सार्थक रूप से जोड़ा गया। दौड़ के समापन पर एक शपथ ली गई, जिसने राष्ट्रीय युवा दिवस के मूल उद्देश्यों और भावना को और अधिक सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ:

सम्मान समारोह: आईशी प्रिशा बोरा को उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

स्वदेशी संकल्प दौड़: युवाओं में राष्ट्रवाद और आत्मनिर्भरता की भावना जगाने के लिए आयोजित की गई।

शपथ ग्रहण: प्रतिभागियों ने देश के विकास और युवा सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

















# अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM)

17 जनवरी 2026

कक्षा 1 से 8 तक और कक्षा 9,11 के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का आयोजन 17.01.2026 और 24/01/2026 को किया गया। यह बैठक कक्षा 10 की पीरियोडिक टेस्ट (Periodic Test) और प्री-बोर्ड परीक्षाओं की समाप्ति के ठीक बाद आयोजित हुई।

प्राचार्य डॉ. के.के. मोटला ने व्यक्तिगत रूप से अभिभावकों से संवाद किया, उनसे फीडबैक लिया और छात्रों के निरंतर प्रदर्शन व समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया।

बैठक के मुख्य बिंदु:

फीडबैक प्रक्रिया: संरचित फॉर्म और खुली चर्चा के माध्यम से अभिभावकों की राय ली गई।

अभिभावकों की प्रतिक्रिया: अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और विद्यालय में चल रहे नवीनीकरण (Renovation) कार्य की विशेष सराहना की।

छात्र सहायता: जिन छात्रों को शैक्षणिक स्तर पर सहायता की आवश्यकता थी, उन्हें मार्गदर्शन दिया गया और उपचारात्मक कक्षाओं (Remedial Classes) या परामर्श (Counseling) के लिए निर्देशित किया गया।

प्रोत्साहन: शिक्षकों और अभिभावकों ने उन छात्रों की सराहना की, जिन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतर सुधार और कड़ा परिश्रम दिखाया है।

आगामी योजना: विद्यालय अब PTM के दौरान प्राप्त फीडबैक के आधार पर 'फॉलो-अप एक्शन प्लान' तैयार कर रहा है।

प्राचार्य ने शिक्षण स्टाफ के प्रयासों की सराहना की और निरंतर सहयोग के लिए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।














20 जनवरी 2026

# युवा-नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई (YLACC)

**युवा-नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई (YLACC) | भारत स्काउट्स एंड गाइड्स**

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय (WAGGGS) की युवा-नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई (YLACC) पहल के अंतर्गत, हमारे विद्यालय में सभी नियोजित गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

सुनियोजित प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम-आधारित शिक्षा और जमीनी स्तर की गतिविधियों के माध्यम से, छात्रों को जागरूक, प्रेरित और जलवायु परिवर्तन की दिशा में नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया गया।

साथ मिलकर, हम एक हरित भविष्य के लिए जिम्मेदार युवा नागरिक तैयार कर रहे हैं!














# गणतंत्र दिवस

26 जनवरी 2026

## 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!

न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—यही वे स्तंभ हैं जो हमारे गणतंत्र को मजबूती देते हैं। हमारी कक्षाओं में हम केवल इतिहास नहीं पढ़ाते, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों को गढ़ते हैं।
इस गणतंत्र दिवस पर आए हर विद्यार्थी को यह याद दिलाएँ कि वही कल के भारत के शिल्पकार हैं।


















# गणतंत्र दिवस

**26 जनवरी 2026**


















# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

सशक्त महिलाएँ ही दुनिया को सशक्त बनाती हैं।
कक्षा से लेकर समाज तक, महिलाएँ नए विचारों को आकार दे रही हैं, सपनों को संवार रही हैं और भविष्य का निर्माण कर रही हैं।
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।













# पराक्रम दिवस

पराक्रम दिवस भारत में हर साल 23 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 2021 से, भारत सरकार ने उनके अदम्य साहस, वीरता और स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए इस दिन को 'पराक्रम दिवस' के रूप में घोषित किया है। यह दिन युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करता है।









# SOF ओलंपियाड के प्रमाण पत्र




**प्रोजेक्ट इन्क्लूजन' (Project Inclusion) ओरिएंटेशन सत्र** **31/01/2026**




## राष्ट्रीय मतदाता दिवस **25/01/2026**



## सत्र 2025–26 हेतु माध्यमिक विभाग का सर्वश्रेष्ठ कक्षा अध्यापक पुरस्कार



श्री संतोष कुमार ओझा, पीजीटी (जीवविज्ञान)
कक्षा अध्यापक-XI

श्री संतोष कुमार ओझा, पीजीटी (जीवविज्ञान) ने दिनांक 30/01/2004 को केन्द्रीय विद्यालय संगठन (KVS) में टीजीटी (जीवविज्ञान) के रूप में केवी एनईआरआईएसटी (निर्जुली) में कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से पीजीटी (जीवविज्ञान) के पद पर चयनित होकर 19/02/2005 को केवी बीआरपीएल, बोंगाईगांव में पदस्थापित हुए। केवी बीआरपीएल, बोंगाईगांव के बंद होने के उपरांत उनका स्थानांतरण केवी आरआरएल, जोरहाट में किया गया, जहाँ उन्होंने 04/04/2006 को कार्यभार ग्रहण किया।

वर्ष 2017–18 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा उन्हें एनसीईआरटी से एक वर्षीय डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग पाठ्यक्रम हेतु नामांकित किया गया, जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

श्री ओझा को वर्ष 2017 में केवीएस तिनसुकिया क्षेत्र द्वारा रीजनल इंसेंटिव अवार्ड से सम्मानित किया गया। अपने पीजीटी (जीवविज्ञान) के दायित्वों का निर्वहन करने के साथ-साथ वे विद्यालय के विद्यार्थियों को नियमित रूप से परामर्श (काउंसलिंग) भी प्रदान करते रहे हैं।

उन्हें करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श, समूह परामर्श, व्यक्तिगत परामर्श, नशा मुक्ति परामर्श, विद्यार्थियों के मनोसामाजिक कल्याण तथा मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के क्षेत्र में विशेष दक्षता प्राप्त है। वे विशेष रूप से केवी आरआरएल, जोरहाट तथा समग्र रूप से केन्द्रीय विद्यालय संगठन के लिए एक उज्ज्वल रत्नरूप हैं।

मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता/करती हूँ।सत्र 2025–26 हेतु माध्यमिक विभाग का सर्वश्रेष्ठ कक्षा शिक्षक पुरस्कार

## सत्र 2025–26 हेतु प्राथमिक विभाग का सर्वश्रेष्ठ कक्षा अध्यापक पुरस्कार



श्री अभय दीक्षित
प्राथमिक शिक्षक
कक्षा अध्यापक -V

श्री अभय दीक्षित ने दिनांक 08/12/2023 को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-III, आर.आर.एल. जोरहाट में प्राथमिक शिक्षक (PRT) के रूप में प्रत्यक्ष भर्तीके माध्यम से कार्यभार ग्रहण किया।

वे एक समर्पित, कर्मठ एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्ध शिक्षक हैं। अपनी नियुक्ति के पश्चात उन्होंने शिक्षण कार्य के साथ-साथ विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनका व्यवहार सहयोगात्मक है तथा वे विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक एवं प्रेरणादायक दृष्टिकोण रखते हैं।

सत्र 2025–26 के लिए माध्यमिक और प्राथमिक विभाग में उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन बनाए रखने तथा कक्षा प्रबंधन में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए "सर्वश्रेष्ठ कक्षा शिक्षक पुरस्कार" प्रदान किया जाता है।

यह सम्मान शिक्षक की समर्पित कार्यशैली, विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक मार्गदर्शन, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धति एवं विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता को मान्यता प्रदान करता है।

# एक क्लिक, अनगिनत अपडेट्स – हमारे डिजिटल परिवार में शामिल हों

## सोशल मीडिया पर हमें फ़ॉलो करें
## हमसे जुड़ें

https://www.facebook.com/rrl.jorhat

https://www.facebook.com/profile.php?id=61560591590566 (Facebook Page)

KV RRL JORHAT
@kvrrljorhat3979
319 subscribers • 21 videos

https://youtube.com/@kvrrljorhat3979?si=smax4GKcIUZpH_Ke

Take a look at kvrrljorhat (@kvrrljorhat):
https://x.com/kvrrljorhat?t=HSHSMja3Eng82cz_OT64Ag&s=08

इंस्टाग्राम आईडी https://www.instagram.com/kv3rrljorhat/#

वेबसाइट : https://no3jorhat.kvs.ac.in/

ईमेल आईडी :newrrljorhat1477@gmail.com

## मार्गदर्शन

डॉ. कृष्ण कुमार मोटला
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय नं III ,आर आर एल ,जोरहाट

## संपादन और डिज़ाइन

श्रीमती लिज़ा बरुवा
टीजीटी गणित

# धन्यवाद